अनुक्रमांक/Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड - 'अ' - 3 + खण्ड - 'ब' - 3

Total No. of Questions : Section – A – 3 + Section – B – 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

No. of Printed Pages : 8

M-2025/GS-II

सामान्य अध्ययन
GENERAL STUDIES

द्वितीय प्रश्न-पत्र
SECOND PAPER

समय : 03 घंटे]
Time : 03 Hours]

[पूर्णांक : 300 (खण्ड-'अ' 150 अंक + खण्ड-'ब' 150 अंक)
[Total Marks : 300 (Section – 'A' 150 Marks + Section – 'B' 150 Marks)

SECTION—A / खण्ड—अ

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है। **(2×15=30)**

Que. :1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) संविधान के अनुच्छेद 12 के अनुसार, 'राज्य के अन्तर्गत' क्या सम्मिलित है?
According to Article 12 of the Constitution, what is included 'under the State'?

प्रश्न : (1.2) भारतीय संविधान में 'शोषण के विरुद्ध अधिकार' में क्या प्रतिषेध किया गया है?
What is prohibited in the 'Right Against Exploitation' in the Indian Constitution?

प्रश्न : (1.3) 'अवशिष्ट विधायी शक्तियाँ' क्या होती हैं?
What are 'Residual Legislative Powers'?

प्रश्न : (1.4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 (1) में निर्वाचन के संबंध में क्या वर्णित है?
What is described in Article-324(1) of the Indian Constitution regarding election?

प्रश्न : (1.5) अप्रैल, 2024 की स्थिति में, भारत में कितने राष्ट्रीय राजनीतिक दल थे? किन्हीं चार राष्ट्रीय दलों के नाम लिखिए।
How many National Political Parties were there in India as on April, 2024? Write the names of any four National Parties.

प्रश्न : (1.6) 'नृजातीय समूह' क्या होता है?
What is an 'Ethnic Group'?

प्रश्न : (1.7) भारत जैसे 'उदार लोकतंत्र' में कौन-सी नागरिक स्वतंत्रताएँ आवश्यक हैं? किन्हीं चार का वर्णन कीजिए।
Which civil liberties are essential in a 'liberal democracy' like India? Describe any four.

प्रश्न : (1.8) 'गैर-सरकारी संगठन' से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by 'Non-Government Organization'?

प्रश्न : (1.9) पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा लिखित चार पुस्तकों के नाम बताइए।
Name any four books written by Pandit Deendayal Upadhyaya.

प्रश्न : (1.10) मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं मंत्रिपरिषद किसके प्रसाद पर्यन्त अपने पद पर बने रहते हैं?
During whose pleasure do the Governor and Council of Ministers of Madhya Pradesh hold their office?

प्रश्न : (1.11) मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए चार योग्यताओं का वर्णन कीजिए।
Describe four qualifications for appointment as a Judge in the Madhya Pradesh High Court.

प्रश्न : (1.12) भारत में 'मानवतावादी लक्ष्यों' की पूर्ति के लिए स्थापित किन्हीं दो गैर-सरकारी संगठनों के नाम बताइए।
Name any two Non-Government Organizations established in India to fulfil 'Humanitarian Goals'.

प्रश्न : (1.13) जी॰ वी॰ के॰ राव समिति का गठन कब किया गया? इस समिति की तीन प्रमुख सिफारिशों का उल्लेख कीजिए।
When was the G. V. K. Rao Committee formed? Mention the three main recommendations of this Committee.

प्रश्न : (1.14) 'आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना' (AMSY) क्या है?
What is 'Tribal Women Empowerment Scheme' (AMSY)?

प्रश्न : (1.15) भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची की विशेषताएँ बताइए।
Describe the features of the 12th Schedule of the Indian Constitution.

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है। **(7×10=70)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम, 1951 क्या है? इसका महत्व बताइए।
What is the First Constitutional Amendment Act, 1951 about? Explain its importance.

प्रश्न : (2.2) 'स्थायी लोक अदालत' के गठन और कार्यों का वर्णन कीजिये।
Describe the formation and functions of 'Permanent Lok Adalat'.

प्रश्न : (2.3) भारत में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए क्या उपाय कर सकते हैं?
What measures can be taken to strengthen national unity in India?

प्रश्न : (2.4) मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग का सदस्य बनने के संवैधानिक प्रावधान क्या हैं?
What are the constitutional provisions for becoming a member of the Madhya Pradesh Public Service Commission?

प्रश्न : (2.5) भारत में प्रेस के समक्ष समकालीन चुनौतियाँ कौन-सी हैं?
What are the contemporary challenges faced by the press in India?

प्रश्न : (2.6) राम मनोहर लोहिया की 'समाजवादी अर्थव्यवस्था' पर अपने विचार प्रकट कीजिए।
Express your views on the 'socialist economy' of Ram Manohar Lohia.

[P.T.O.

प्रश्न : (2.7) राज्यपाल के संदर्भ में, 'पुंछी आयोग' ने क्या अनुशंसा की?
What did the 'Punchhi Commission' recommend regarding the Governor?

प्रश्न : (2.8) मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यों एवं सीमाओं को समझाइए।
Explain the functions and limitations of Madhya Pradesh Human Rights Commission.

प्रश्न : (2.9) सतत ग्रामीण विकास से सम्बन्धित 'स्वामित्व योजना' का उद्देश्य बताइए।
State the objective of the 'Svamitva Yojana' related to sustainable rural development.

प्रश्न : (2.10) 'मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम' की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?
What are the main features of 'Madhya Pradesh Public Service Guarantee Act'?

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **05** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **10 (दस)** अंकों का है। **(10×5=50)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **10 (ten)** marks.

प्रश्न : (3.1) "भारतीय संविधान 75 वर्ष की सफल यात्रा पूर्ण कर चुका है। इसकी सफलता का श्रेय भारत की जनता एवं नेतृत्व को जाता है।" स्पष्ट करें।
"The Indian Constitution has completed a successful journey of 75 years. The credit for its success goes to the people and leadership of India." Explain.

अथवा/OR

कॉलेजियम प्रणाली क्या है? इसे विस्तार से समझाइये।
What is the collegium system? Explain it in detail.

प्रश्न : (3.2) "क्षेत्रीय दलों ने भारत में लोकतंत्रीकरण को बढ़ाया है।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में, क्षेत्रीय दलों के प्रकार और प्रकृति का उल्लेख कीजिए।
"Regional Parties have increased democratization in India." In the context of this statement, mention the types and nature of regional parties.

अथवा/OR

भारतीय राजनीति में नृजातीयता की भूमिका को समझाइये।
Explain the role of Ethnicity in Indian Politics.

प्रश्न : (3.3) लोकतंत्र को परिभाषित कीजिए। इसके दार्शनिक आधार बताइये एवं उदारवादी लोकतंत्र के विभिन्न रूपों की चर्चा कीजिए।
Define democracy. Explain its philosophical basis and discuss the different forms of liberal democracy.

अथवा/OR

बाबा साहेब अंबेडकर के 'राष्ट्रवाद' सम्बन्धी विचार बताइये।
Explain Baba Saheb Ambedkar's views on 'nationalism'.

प्रश्न : (3.4) भारत में राज्यपाल की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।
Explain the role of the Governor in India.

अथवा/OR

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की संरचना, कार्य एवं शक्तियों की विवेचना कीजिए।
Discuss the structure, functions and powers of the National Scheduled Caste Commission.

प्रश्न : (3.5) मध्य प्रदेश में नगरीय स्वशासी संस्थाओं की प्रशासन व्यवस्था पर प्रकाश डालें। इन संस्थाओं पर राज्य सरकार किस प्रकार नियंत्रण रखती है?
Throw light on the operation of administrative system of Urban Local Self Organizations in Madhya Pradesh. How does the State Government control these institutions?

अथवा/OR

'मध्य प्रदेश नक्सली आत्मसमर्पण, पुनर्वास सह राहत नीति, 2023' के मुख्य प्रावधानों का वर्णन कीजिए।
Describe the main provisions of 'Madhya Pradesh Naxalite Surrender, Rehabilitation-cum-Relief Policy, 2023'.

SECTION—B / खण्ड—ब

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है। **(2×15=30)**

Que. :1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) संस्कृति नाभि से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by cultural navel/focus?

प्रश्न : (1.2) 'सामाजिक मूल्य' को समझाइए।
Explain 'Social Values'.

प्रश्न : (1.3) समुदाय को स्पष्ट कीजिए।
Explain Community.

प्रश्न : (1.4) क्षेत्रवाद के चार मुख्य कारण लिखें।
Write the four main causes of Regionalism.

प्रश्न : (1.5) 'धर्मनिरपेक्षता' से क्या समझते हैं?
What do you understand by 'secularism'?

प्रश्न : (1.6) आधुनिकता की चार विशेषताएँ लिखें।
Write four characteristics of Modernity.

प्रश्न : (1.7) कृषक परिवार के चार प्रकार लिखिए।
Write four types of farmer family.

प्रश्न : (1.8) ग्रामीण नेतृत्व के चार प्रकार लिखें।
Write four types of rural leadership.

प्रश्न : (1.9) नगरीकरण क्या है?
What is urbanization?

प्रश्न : (1.10) औद्योगिकीकरण किसे कहते हैं?
What is industrialization?

प्रश्न : (1.11) वैश्वीकरण क्या है?
What is Globalization?

प्रश्न : (1.12) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश का लिंगानुपात क्या है?
What is the sex ratio of Madhya Pradesh as per census 2011?

प्रश्न : (1.13) व्यावसायिक शिक्षा की चार विशेषताएँ बताइये।
Write the four characteristics of vocational education.

प्रश्न : (1.14) गैर-सरकारी संगठन का प्रारम्भ एवं उद्देश्य लिखें।
Write the beginning and objectives of non-Government Organisation.

प्रश्न : (1.15) 'सिडोली' प्रथा क्या है?
What is 'Sidoli' custom?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है। **(7×10=70)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) पुरुषार्थ क्या है? इसके प्रकार लिखिए।
What is Purushartha? Write its forms.

प्रश्न : (2.2) संस्था क्या है? स्पष्ट कीजिए।
What is Institution? Explain.

प्रश्न : (2.3) नशीली दवाओं की लत के कारण समझाइए।
Explain the causes of Drug Addiction.

प्रश्न : (2.4) विविधता में एकता को स्पष्ट कीजिए।
Explain Unity in Diversity.

प्रश्न : (2.5) गुटबाजी का अर्थ और कारण लिखिए।
Write the meaning and reason of factionalism.

प्रश्न : (2.6) 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज व्यवस्था को स्पष्ट कीजिए।
Explain the Panchayati Raj System after 73rd Constitutional Amendment.

प्रश्न : (2.7) महिलाओं के लिए वैश्वीकरण एक चुनौती है। समझाइए।
Globalization is a challenge for women. Explain.

प्रश्न : (2.8) राष्ट्रीय जनसंख्या नीति-2000 को स्पष्ट करें।
Explain National Population Policy-2000.

प्रश्न : (2.9) गोंड जनजाति के संस्कार लिखिए।
Write the Sanskar of Gond Tribe.

प्रश्न : (2.10) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कोई सात बिन्दु लिखें।
Write any seven points of National Education Policy-2020.

P.T.O.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **05** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **10 (दस)** अंकों का है। **(10×5=50)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **10 (ten)** marks.

प्रश्न : (3.1) नातेदारी व्यवस्था का अर्थ और इसकी श्रेणियों की चर्चा कीजिए।
Discuss the meaning and categories of kinship system.

अथवा/OR

एक व्यवस्था के रूप में जाति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
Describe the characteristics of caste as a system.

प्रश्न : (3.2) साइबर अपराध का अर्थ और प्रकारों की विवेचना कीजिए।
Discuss the meaning and types of Cyber Crime.

अथवा/OR

घरेलू हिंसा का अर्थ, स्वरूपों और कारणों को स्पष्ट कीजिए।
Explain the meaning, forms and reasons of domestic violence.

प्रश्न : (3.3) ग्रामीण नेतृत्व की समीक्षा कीजिए।
Review the Rural Leadership.

अथवा/OR

नगर नियोजन और प्रबंधन को समझाइए।
Explain the Town planning and Management.

प्रश्न : (3.4) औद्योगीकरण के कारण हुए सामाजिक परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए।
Explain the social changes due to Industrialization.

अथवा/OR

उत्तर-आधुनिकता को स्पष्ट कीजिए।
Explain Postmodernity.

प्रश्न : (3.5) वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।
Clarify the relevance of Vocational Education at present.

अथवा/OR

बैगा जनजाति के धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को समझाइए।
Explain the religious beliefs and assumptions of the Baiga Tribe.